पेज थ्री देहरादून

परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानंद के साथ मुम्बई से आए योगियों का दल।



देहरादून, शुक्रवार 14 फरवरी, 2020

पेज 8

# हमारा दून


## संक्षिप्त समाचार

### जिले के न्यायालयों में लोक अदालत 28 फरवरी को

**(संवाददाता)** देहरादून। सचिव व सिविल जज (सी0डि0) जिला विधिक सेवा प्राधिकारण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराय है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद के समस्त न्यायालयों में समनिय मुकदमों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु 28 फरवरी को जनपद के देहरादून, ऋषिकेश, विकासनगर, डोईवाला व चकराता न्यायालयों में पराम्परागत लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

### ऋषिकेश में 1 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित होगा योगा महोत्सव

**(संवाददाता)** देहरादून। शासन द्वारा राज्य में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित एवं प्रचारित करने तथा इस क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने हेतु राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत जनपद देहरादून के ऋषिकेश में 1 मार्च से 7 मार्च तक योगा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन के प्रभारी गढवाल मण्डल विकास निगम के प्रबन्ध निदेशक रहेंगे।

### संयुक्त व्यापार मंडल की कार्यकारणी का हुआ विस्तार

**(संवाददाता)** देहरादून। संयुक्त व्यापार मंडल उत्तराखंड की प्रथम बैठक में संयुक्त व्यापार मंडल प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें प्रदेश प्रभारी उत्तराखंड धर्मेंद्र सिंह एवं राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य राघवेंद्र सिंह चंदेल एवं रविंद्र सिंह आनंद प्रदेश अध्यक्ष संयुक्त व्यापार मंडल की अध्यक्षता में निम्न महानुभावों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। सरदार गुलजार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय मित्तल महासचिव जगदीश सिंह गुसाईं उपाध्यक्ष मनीष शर्मा प्रदेश सचिव, सुधीर कपूर प्रदेश सचिव, हरीश गुलाटी प्रदेश सचिव, अशमोक ग्रोवर आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई।

### आरोग्य मेले के दूसरे दिन आयोजित हुए आयुर्वेद और आयुष पर विभिन्न सेमिनार

**(संवाददाता)** देहरादून। आरोग्य मेले के दूसरे दिन आज सुबह वैद्य तपन कुमार आयुर्वेदा में कैंसर स्पेशिलिस्ट द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की गयी ।जिसमे की उन्होंने आयुर्वेदा से कैंसर का ईलाज कैसे किया जाता है इस पर व्याख्यान दिया । डॉक्टर मनोज शर्मा ने आयुर्वेदा से न्यूरो थरपी कैसे की जाती है इस बारे में अपने कार्यशाला में बताया। एम् बी बीएस डॉक्टर रोहित साने ने दर्शको को बताया की आयुर्वेदा का दिल की बिमारियों में किस तरह से आजकल ईलाज चल रहा है। डॉक्टर निकम ने होम्योपैथी के ऊपर अपना व्याख्यान दिया।

# त्रिवेंद्र सरकार ने उत्तराखण्ड के विकास के लिए किया मंथन

**विचार विमर्श**

विधायकों ने अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं से अवगत कराने के साथ दिए सुझाव

मंत्रियों ने तीन वर्ष की उपलब्धियों के साथ ही भावी कार्ययोजना रखी



मंथन कार्यक्रम में दौरान सीएम व मंत्री।

**(संवाददाता)**

देहरादून। मुख्यमंत्री आवास में मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की पहल पर आयोजित मंथन में मंत्रियों और विधायकों ने गहन विचार विमर्श किया। मंत्रियों ने अपने विभागों की तीन वर्ष की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए साथ ही भावी कार्ययोजना भी विधायकों के समक्ष रखीं। विधायकों ने अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं से अवगत कराने के साथ ही सुझाव भी दिए। सीएम आवास स्थित सभागार में आयोजित मंथन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेश सरकार की तीन वर्ष की अवधि में किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुए विकास की भावी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मंथन कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर मंत्रिगणों एवं विधायक गणों से हुए विचार विमर्श में राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने को सम्बन्धित महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं। इस मंथन से प्राप्त होने वाला अमृत, प्रदेश को नई दिशा देने में मददगार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा इन तीन वर्षों में हम क्या कर पाये इसका आकलन करने को मिला है। तीन वर्ष की अवधि में राज्य हित में की गई 57 प्रतिशत घोषणाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। अन्य घोषणाओं पर कार्यवाही गतिमान है। सीएम घोषणाओं का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। हम घोषणा पत्र के अनुपालन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। घोषणा पत्र के इतर भी कई कार्य जनहित में किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर हमने तीन कार्यक्रमों के आयोजन का लक्ष्य रखा है। इसमें रिवर्स पलायन की दिशा में पहल करने वाले युवाओं एवं आवा अपणा घर आवा के सन्देश का आधार तैयार करने वालो का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त रामनगर मे एडवेंचर समिट का आयोजन किया जायेगा। टिहरी झील को देश व दुनिया में पहचान दिलाने तथा एडवेंचर टूरिज्म का प्रमुख केन्द्र बनाने के लिये टिहरी लेक महोत्सव को बड़ी भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उधमसिंह नगर के बोर जलाशय, पिथौरागढ़ के मोस्टमानु में टयूलिप गार्डन के साथ ही विभिन्न स्थलों पर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये धनराशि उपलब्ध करायी गयी है।

### उत्तराखंड पहुंची थाईलैंड की राजकुमारी सिरिंधोर्न

**(संवाददाता)** देहरादून। थाईलैंड की राजकुमारी राजकुमारी सिरिंधोर्न गुरुवार को विशेष विमान से पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने के बाद सर्किट हाउस काठगोदाम पहुंचीं। इसके बाद वह भीमताल से होते हुए ओखलकांडा ब्लॉक के देवस्थल स्थित एरीज के ऑप्टिकल टेलीस्कोप से अंतरिक्ष के नजारे देखेंगी। राजकुमारी के भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार राजकुमारी राजकुमारी सिरिंधोर्न गुरुवार को दिल्ली से एयर इंडिया के विशेष विमान से दोपहर दो बजे पंतनगर एयरपोर्ट आईं। यहाँ से सड़क मार्ग से रवाना होकर काठगोदाम सर्किट हाउस पहुंचेंगी। दोपहर 3.20 बजे वह मेहरागांव स्थित होटल कंट्री इन में पहुंची। इससे पूर्व थाईलैंड की राजकुमारी राजकुमारी सिरिंधोर्न के कुमाऊं भ्रमण के मद्देनजर थाई दल की एयरपोर्ट पर बैठक आयोजित की गई। दिल्ली से थाई एंबेसी के अन्य चार लोगों का दल भी पंतनगर एयरपोर्ट पर बुधवार को पहुंच गया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उसके बाद थाई दल रुद्रपुर रेडिसन होटल के लिए रवाना हो गया। थाईलैंड के राजदूत शुतिनर्थोन खोंगसक के नेतृत्व में 12 सदस्यीय दल पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचा। एयरपोर्ट डायरेक्टर एसके सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर को राजकुमारी पहुंचेंगी।

### 24 दिन बाद लिखा पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा

**(संवाददाता)** देहरादून। दून पुलिस महिला दुष्कर्म के मामलों को कितनी संजीदगी से लेती है इसकी बानगी रायपुर थाना क्षेत्र में सामने आयी है। पीड़िता द्वारा दुष्कर्म के मामले में 24 दिन चक्कर लगवाने के बाद बीते रात जैसे तैसे मुकदमा दर्ज किया है, जबकि इस दौरान आरोपी पक्ष पीड़िता और उसके परिजनों को धमकाने में जुटा रहा। मामला रायपुर थाना क्षेत्र का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहस्त्रधारा रोड निवासी एक महिला ने 21 जनवरी को पुलिस शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज करायी कि उनको रायपुर निवासी उमेश द्वारा नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस दौरान आरोपी उमेश द्वारा पीड़ित पक्ष को धमकिंया भी दी गयी है।

# फरवरी माह तक सभी पेंशनरों का सत्यापन किया जाए

**बैठक**

- सचिव को प्रतिमाह समीक्षा बैठक करने के निर्देश

देहरादून। **(संवाददाता)**



समाज कल्याण विभाग की बैठक लेते विभागीय मंत्री यशपाल आर्य।

कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य ने विधान सभा सभाकक्ष में समाज कल्याण विभाग के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में सचिव को प्रतिमाह समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि फरवरी माह तक सभी पेंशनरों का सत्यापन कर लिया जाए। मंत्री ने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचे इसके लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग वितरण का अपेक्षित लक्ष्य न मिलने पर नाराजगी प्रकट किया। इसके लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।

बैठक में जानकारी दी गयी कि वित्तवर्ष 2018–19 की छात्रवृत्ति मार्च 2020 तक 100 प्रतिशत वितरण कर दी जाए एवं वित्तवर्ष 2019–20 की छात्रवृत्ति मई 2020 तक 100 प्रतिशत वितरण कर दिया जाए ।इसके अतिरिक्त आगामी दिनों में पेंशन राशि 1000 से बढ़ाकर 1200 रू. करने की योजना है तथा इसका इसका वितरण प्रतिमाह करने की योजना है। वर्तमान समय में 82 प्रतिशत लाभार्थियों के खाते सी.बी.एस. कर दिये गये हैं, इसे शीघ्र 100 प्रतिशत तक कर दिया जायेगा। समस्त रिक्त पदों का अधियाचन भेजने का निर्देश दिया गया। सभी ब्लॉकों में कंप्यूटर लगाने एवं ब्लॉकवार शिविर लगाने के भी निर्देश दिये गए। इस अवसर पर सचिव एन. फेनई, अपर सचिव राम विलास और एस.सी.जोशी, निदेशक समाज कल्याण बिनोद गिरी गोस्वामी, एम.डी. बी.एस. मनराल, अपर निदेशक योगेन्द्र रावत, उप रजिस्ट्रार अखलाख अहमद अंसारी, उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण रईस अहमद एवं सभी जनपदों के समाज कल्याण अधिकारी मौजूद थे।

### रणनीति पर किया मंथन

**(संवाददाता)** देहरादून। मंथन कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी सरकार द्वारा पलायन रोकने के लिए गठित किये गये पलायन आयोग को बड़ी उपलब्धि बताया है।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।